# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
**JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI**

## वर्ग नवम् परीक्षा, 2026 के संबंध में आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या– 06/2026**

एतद् द्वारा झारखण्ड राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, छात्रों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार नवम् वर्ग की परीक्षा सिर्फ पाँच अनिवार्य विषयों में ओ0एम0आर0 सीट के माध्यम से आयोजित की जाएगी। उक्त के आलोक में छात्र–छात्रा द्वारा चयनित 05 अनिवार्य विषयों (भाषा–1, भाषा–2, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान) की परीक्षा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परिषद् द्वारा आयोजित की जाएगी एवं परीक्षा में उत्तीर्णता के लिए उक्त पाँच विषयों में से चार विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा में प्रत्येक विषय से 40 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ type) पूछे जायेंगे एवं 10 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

सभी विद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि नवम् वर्ग की परीक्षा, 2026 का प्रवेश पत्र दिनांक 20.02.2026 से परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in से डाउनलोड कर संबंधित छात्र/छात्राओं को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**वर्ष 2026 वर्ग नवम् का परीक्षा कार्यक्रम**

| Date & Days | 1st Sitting<br>9.45 A.M. to 1.00 P.M. | 2nd Sitting<br>2.00 P.M. to 5.15 P.M. |
|---|---|---|
| 28.02.2026<br>(Saturday) | Paper – I<br>(Hindi A, Hindi B एवं English) | Paper – II<br>(Mathematics एवं Science) |
| 02.03.2026<br>(Monday) | Paper – III<br>(Social Science एवं Other language subject (If any)) | -------------------------------- |

परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि दिनांक 05.03.2026 से 15.03.2026 तक ऑनलाइन की जायेगी।

नोट :– सभी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र का अध्ययन करने हेतु 15 मिनट का समय दिया जायेगा।

अध्यक्ष के आदेश से,

JAC/Gop./6059/25-Secy/36/26
Dt. – 20.01.2026

ह0/–
सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची